# दिनांक 25.01.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे दिनांक 25.01.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जल निगम (ग्रामीण) से अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई से परियोजना प्रबन्धक व कलस्टर हेड व जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) से जिला समन्वयक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक मे उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), हरदोई द्वारा जनपद में कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 द्वारा कराई जा रही क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई विवरण के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि जनपद में कुछ विकासखण्डो की ग्रामीण पेयजल योजनाओ मे क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) शत–प्रतिशत होने में बहुत कम संख्या में अवशेष रह गए है जबकि कुछ विकासखण्डों में अपेक्षाकृत अधिक अवशेष है। बैठक मे उपस्थित कार्यदायी संस्था के क्लस्टर हेड तथा जल निगम (ग्रामीण), के अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि जिन–जिन विकासखण्डों की ग्रामीण पेयजल योजनाओं में क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) काफी कम है उन्हें दिनांक 31 जनवरी 2025 तक तथा शेष विकासखण्डों के अवशेष क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) को दिनांक 10 मार्च 2025 तक शत–प्रतिशत पूर्ण कर अवगत करावें।

**(कार्यवाही– समस्त सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. समीक्षा बैठक के दौरान बैठक में उपस्थित विकासखंड वार अवर अभियंताओं से पूछताछ करने पर उनके द्वारा निम्न तिथियों पर अपने–अपने विकासखण्डों में क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के अवशेष एफ.एच.टी.सी को शत–प्रतिशत पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया गया–

| क्र0स0 | विकासखंड का नाम | एफ.एच.टी.सी. 100 प्रतिशत पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शाहाबाद, भरखनी, मल्लावां | 31.01.2025 |
| 2 | साण्डी, हरपालपुर, बेहन्दर | 10.02.2025 |
| 3 | माधौगंज, बिलग्राम, कोथांवा | 15.02.2025 |
| | कछौना | 20.02.2025 |
| 4 | भरावन, संडीला, अहिरोरी, | 28.02.2025 |
| 5 | शेष विकासखंड | 10.03.2025 |

(कार्यवाही– अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं क्लस्टर प्रभारी एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

3. जनपद अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु डिसमेन्टल की गयी सडकों के पुर्नस्थापना के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी एवं निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु डिसमेन्टल की गयी सडकों की शतप्रतिशत पुर्नस्थापना का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण गुणवत्ता एवं मानकोनुसार शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें ।

**(कार्यवाही– समस्त सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

4. समीक्षा बैठक में उपस्थित जल निगम ग्रामीण के समस्त सहायक व अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि पानी की गुणवत्ता की जांच व नियमित जलापूर्ति तथा Road Restoration आदि कार्यों के प्रमाणीकरण हेतु सम्बन्धित अभियन्ता अपने–अपने क्षेत्र के अंतर्गत पूर्ण हो चुकी योजनाओं के बारे में संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति से संतुष्टीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– समस्त सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) हरदोई।)**

5. समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 के परियोजना प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि टंकी परिसर में मिट्टी के भराव हेतु उन्हें मिट्टी लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उन्हें निर्देशित किया गया कि जिन किसानों के खेत या तालाब की भूमि से मिट्टी निकालना है, उसके लिए किसानों की सहमति के साथ ऑनलाइन आवेदन करें। यदि ग्राम समाज की भूमि से मिट्टी निकालना हो तो क्षेत्रीय लेखपाल की आख्या के साथ आवेदन करें नियमानुसार आवेदन पर अनुमति प्रदान की जायेगी। बिना अनुमति के मिट्टी खनन न करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

# कार्यालय जिलाधिकारी, **हरदोई।**

**दिनांकः** 06/02/2025

**पत्रांक :** 1318 / एसटी-70 / 109

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।